उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 14 अग्रहायण, शक संवत्, 1934

**( दिनांक : 05 दिसम्बर, 2012 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. शुभारम्भ "वन्दे मातरम्" (देखिये नत्थी **"क"**)।
2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख" तथा "ग"**)।
3. उपाध्यक्ष पद के लिए नाम-निर्देशित अभ्यर्थी के नाम की घोषणा।

   (प्राप्त नाम-निर्देशन पत्रों के लिए देखें नत्थी **"घ"**)
4. निधन के निदेश।
5. राजस्व मंत्री, उत्तराखण्ड विविध राजस्व विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।
6. संसदीय कार्य मंत्री, हिमालयन विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।
7. संसदीय कार्य मंत्री, आई0एम0एस0 यूनिसन विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।
8. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।
9. संसदीय कार्य मंत्री, डी0आई0टी0 विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।
10. सिंचाई मंत्री, उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।
11. परिवहन मंत्री, उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।

12. संसदीय कार्य मंत्री, पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।

13. परिवहन मंत्री, उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।

14. प्रमुख सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

(1) उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 मई, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जून, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का दूसरा अधिनियम बन गया।

(2) उत्तराखण्ड आबकारी (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 मई, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जून, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का तीसरा अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 मई, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जून, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का चौथा अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड वन विकास निगम (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 मई, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जून, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का पांचवां अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण (निरसन) अधिनियम, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 04 जून, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जून, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का छठा अधिनियम बन गया।

(6) उत्तराखण्ड लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 04 जून, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जून, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का सातवां अधिनियम बन गया।

(7) उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 08 जून, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 जून, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का आठवां अधिनियम बन गया।

(8) उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 08 जून, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 जून, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का नवां अधिनियम बन गया।

(9) उत्तराखण्ड जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 08 जून, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 जून, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का दसवां अधिनियम बन गया।

(10) उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 07 जून, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 जून, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।

15. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

16. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

17. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

18. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

19. श्रम एवं सेवायोजन मंत्री, वेतन भुगतान (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मार्गेगे।

20. श्रम एवं सेवायोजन मंत्री, वेतन भुगतान (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

21. सहकारिता मंत्री, उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मार्गेगे।

22. सहकारिता मंत्री, उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

---

**(समय : अपराह्न 4:00 बजे)।**

23. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2012-2013 की अनुपूरक अनुदान मांगें प्रस्तुत करेंगे।

24. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ङ"**)

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 05 दिसम्बर, 2012**

**(डी0पी0गैरोला)**
**प्रमुख सचिव।**

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्

फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

तृतीय सत्र, 2012
का प्रथम बुधवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

## बुधवार, 14 अग्रहायण, शक संवत्, 1934

## ( दिनांक : 05 दिसम्बर, 2012 )

## नत्थी "ख"

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्यसंचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत तृतीय सत्र 2012 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न**

श्री पुष्कर सिंह धामी
08.05.2012

*1. **आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त** — राजस्व

क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में जनजाति/ गैर जनजाति भूमि संबंधी विवाद के कारण स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश पैदा हो रहा है ? क्या भूमि संबंधी विवाद के समाधान हेतु सरकार द्वारा कोई प्रयास किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री दान सिंह भण्डारी
11.05.2012

*2. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में श्रेणी 4–5–6–7 की भूमि है ? यदि हां, तो क्या सरकार उत्तराखण्ड में भूमिहीनों को पट्टे दिलवाने हेतु कोई प्रावधान रखे जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — राजस्व

श्री बिशन सिंह चुफाल
11.05.2012

*3. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने हाईड्रम सिंचाई योजना बन्द है एवं बन्द होने के, क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त बन्द योजनाओं को कब तक चलाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? — सिंचाई

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री भीमलाल आर्य<br>06.08.2012 | *1. | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध परियोजना से प्रभावित विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढवाल) के कितने गांव पूर्ण विस्थापन श्रेणी में है और कितने गांव आंशिक विस्थापन की श्रेणी में हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि पिलखी, बौर, पिपोला, पडागली, घोन्टी, असेना गावों का पूर्ण विस्थापन कब तक पूर्ण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री भीमलाल आर्य<br>09.08.2012 | *2. | क्या सिचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देश /विदेशों के अन्य डैमों (बांधों) की भांति जिला टिहरी गढ़वाल के टिहरी डैम (बांध) के ऊपर जनसामान्य के आवागमन हेतु सरकार द्वारा किसी पुल अथवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>13.08.2012 | *3. | क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में रासायनिक, खाद्य एवं कीटनाशक दवा की सैम्पलिंग की जाती है ? यदि हां, तो सैम्पल फेल होने पर दुकानदार का लाइसेन्स निरस्त किया जाता है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>25.08.2012 | *4. | क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में खण्ड विकास अधिकारियों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का जनपदवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु किए गये प्रयासों का विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर खण्ड विकास अधिकारियों की तैनाती की जायेगी ? | ग्राम्य विकास |
| श्री संजय गुप्ता<br>28.08.2012 | *5. | **द्वितीय सोमवार के तारा0 16 में स्थाना0**<br>क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लक्सर के अन्तर्गत बहने वाली सोलानी व पथरी नदियों में जमा सिल्ट के कारण वर्षा का पानी खेतों व आबादी में घुसकर हानि पहुंचाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नदियों की सफाई हेतु कोई उपाय कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>30.08.2012 | *6. | क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के आदर्श टिहरी नगर को विस्थापित हुए लगभग 30 वर्ष बीत जाने के बाद भी वहां के वासियों को अब तक भूमिधरी अधिकार नहीं दिये गये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार आदर्श टिहरी नगर विस्थापितों को भूमिधरी का अधिकार देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यतीश्वरानन्द 31.08.2012 | *7. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि इस वर्ष जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के लहाड़पुर गांव में कोटा वाली नदी में बाढ़ आने से गरीब किसानों की फसल एवं खेती योग्य भूमि नदी के कटाव में बह गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार ने भूमि कटाव से हुए नुकसान, बर्बाद फसल की भरपाई के लिए मुआवजा एवं भूमि कटाव को रोकने के लिए कोई योजना बनाई है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 03.09.2012 | *8. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मानसून आने से पूर्व आपदा प्रबन्धन की क्या तैयारियां की गई थी तथा इन पर कुल कितना खर्चा किया गया था ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उत्तरकाशी जिले में भी पूर्व तैयारी थी ? यदि हां, तो क्या क्या तैयारियां थी और उनमें कितना खर्चा किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार भविष्य में आपदा प्रबन्धन को मजबूत करने के लिए कोई प्रयास करेगी ? यदि हां, तो क्या ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 04.09.2012 | *9. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत भूमियासार, कसाण, दऊ, पुलिन्डा, बडकोट आदि गांव में भूस्खलन से प्रतिवर्ष आपदा से इन गांवों में जान–माल का काफी नुकसान होता है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन गांवों को अन्यत्र विस्थापित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 05.09.2012 | *10. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंहनगर के अन्तर्गत खटीमा को जिला बनाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार खटीमा को जिला बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक जिले की घोषणा कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 05.09.2012 | *11. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आपदा से प्रभावित अति संवेदनशील कौन कौन से गांवो को चिन्हित किया गया है ? क्या सरकार द्वारा इनके विस्थापन हेतु भूमि चयनित कर दी गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री ललित फर्स्वाण 10.09.2012 | *12. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के तहसील कपकोट के पी0एम0जी0एस0वाई के अन्तर्गत कपकोट–कर्मी, अपूर्ण मोटर मार्ग फेज– II के पैकेज सं0 यू0टी0–02–05 से स्वीकृत धनराशि रू0 165.58 लाख से मात्र रू0 93.75 लाख ही व्यय किया गया है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे शेष धनराशि रू0 71.83 लाख का क्या किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |

श्री दान सिंह भण्डारी
19.09.2012

*13. **द्वितीय बुधवार के तारां0 09 में स्थाना0** **कृषि**

क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल विधान सभा क्षेत्रों में अमृतपुर, हैड़ाखान, लगूड़, गांजा, अल्चौना, मलुवाताल आदि करीब 10 ग्राम सभा विधान सभा भीमताल में गौला नदी व कालसा नदी के किनारे बसे किसानों की वर्ष 2012 में नदी के भीषण ऊफान के कारण आधे से अधिक जमीन कट चुकी है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा भविष्य में कृषि भूमि के कटाव को रोकने के लिए कोई ठोस नीति बनाई गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री तीरथ सिंह रावत
03.10.2012

*14. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के पट्टी मवालस्यूं के अन्तर्गत लगभग 06 कि0मी0 लम्बी पिनगड–मासौं नहर की सिंचाई खण्ड श्रीनगर गढ़वाल द्वारा प्रतिवर्ष मरम्मत किए जाने पर भी उक्त नहर से ग्राम मासौं तथा अन्य गावों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है ? यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ? क्या सरकार इसकी जांच कराकर किसानों को यथाशीघ्र सिंचाई हेतु नहर का पानी उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? **सिंचाई**

श्री मदन कौशिक
04.10.2012

*15. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार में मां मनसा देवी शिवालिक पर्वत माला से प्रत्येक वर्ष बरसात के दिनों मे भारी मात्रा में बहकर आने वाली सिल्ट के कारण नागरिकों को जानमाल का काफी नुकसान होता है ? क्या सरकार द्वारा इसे रोकने हेतु कोई कार्ययोजना तैयार की गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? **आपदा प्रबन्धन**

श्री ललित फर्स्वाण
04.10.2012

*16. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के कपकोट तहसील के शामा व कांडा तहसील के धरमधर कस्बों में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 620/2012 दिनांक 07 जून, 2012 को गैस गोदाम की स्वीकृति की घोषणा की है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इन स्थानों पर गैस गोदामों की स्थापना हेतु धन आवंटित हो चुका है ? यदि नहीं, तो कब तक धन आवंटित किया जायेगा ? **खाद्य**

श्री मयूख महर
05.10.2012

*17. **आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त** **राजस्व**

क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत वर्ष लैप्रोसी मिशन चण्डाक की भूमि घोटाले के जांच के आदेश कुमांऊ आयुक्त को दिये थे ? यदि हां, तो क्या सरकार उस जांच रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हां, तो कब तक ?

श्री मदन कौशिक
05.10.2012

*18. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में प्रति वर्ष भीषण दैवीय आपदा आती है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा दैवीय आपदाओं की रोकथाम एवं प्रभावितों की सुरक्षा हेतु कोई ठोस कार्ययोजना बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? **आपदा प्रबन्धन**

श्री मनोज तिवारी
05.10.2012

*19. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जिलेवार कुल कितनी गैस एजेंसियां कार्यरत हैं तथा उनमे कुल कितने उपभोक्ता हैं ? क्या उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रदेश में गैस की होम डिलीवरी की जा रही है ? यदि नहीं, तो होम डिलीवरी कब तक की जायेगी ?

**खाद्य**

श्री चन्दन राम दास
08.10.2012

*20. क्या खाद्य मंत्री अवगत हैं कि वर्तमान में प्रदेश में खाद्यान व मिट्टी के तेल की कमी है ? यदि हां, तो इसको दूर करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विगत वर्ष 2009–10, वर्ष 2010–11 तथा अप्रैल 2012 से आज तक का भारत सरकार द्वारा प्रदेश को खाद्यान्न एवं मिट्टी के तेल में कितना कोटा आवंटित किया गया है ? क्या यह कोटा पर्याप्त है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**खाद्य**

## अतारांकित प्रश्न

श्री ललित फर्स्वाण
03.08.2012

1. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में दैवीय आपदा मद से नवनिर्माणाधीन मोटर मार्ग के कार्य हेतु धन उपलब्ध किया जा सकता है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के हरसीला–पुड़कुनी तथा रिखाड़ी–वाछम जो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन मोटर मार्ग है, में दैवीय आपदा मद से धन आवंटित किया गया है ? यदि हां, तो कितना धन दैवीय आपदा मद से उक्त मार्गों के निर्माण हेतु व्यय किया गया है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ?

**ग्राम्य विकास**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
06.08.2012

2. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना के अन्तर्गत किस फेज पर कार्य चल रहा है तथा जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में कुल कितने सड़कों के प्रस्ताव किस फेज में किन किन स्तरों पर लम्बित है ? क्या सरकार लम्बित प्रकरणों पर ठोस कार्यवाही करते हुए शीघ्र सड़क निर्माण कार्य आरम्भ करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**ग्राम्य विकास**

श्री भीमलाल आर्य
08.08.2012

3. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) के अन्तर्गत बासर नहर व भट्टगांव नहर (गोनगढ़), दुरागी नहर (थाती कठूड़) लोहा नहरों (थाती कठूड़) के निर्माण एवं रखरखाव में अब तक कितनी धनराशि खर्च हुई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त नहरों का हैड व टेल क्या है, लम्बाई कितने कि0मी0 है व उक्त नहरों से कितनी भूमि सिंचित होती है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि बासर नहर का विस्तार कर्णगांव (बासर) तक है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त नहरों पर हुए निर्माण कार्यों की जांच करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**सिंचाई**

| | | |
|---|---|---|
| डा० जीतराम<br>08.08.2012 | 4 क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के अन्तर्गत थराली विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन डुग्गी–रतगांव मोटर मार्ग गांव की तलहटी तक ही बनाया गया है ? क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग को रतगांव तक बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>09.08.2012 | 5 क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि राज्य में कृषि विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर्स अन्य विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर्स की भांति वाहन अनुरक्षण भत्ता की सुविधा हेतु शासन से मांग कर रहे हैं ? यदि हां, तो शासन द्वारा उनकी मांगों पर क्या कार्यवाही की जा रही है और कब तक उन्हे वाहन अनुरक्षण भत्ता की सुविधा प्रदान की जायेगी ? | **कृषि** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>09.08.2012 | 6 क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि कृषि विभाग में सिंगल विण्डो व्यवस्था समाप्त करने हेतु माननीय विधायकों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारी संगठनों के पत्र प्राप्त हुए हैं ? यदि हां, तो शासन द्वारा सिंगल विण्डो व्यवस्था समाप्त करने हेतु विचार किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यो और कब तक सिंगल विण्डो व्यवस्था समाप्त कर दी जायेगी ? | **कृषि** |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>13.08.2012 | 7 क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 69 नानकमत्ता विधान सभा के अन्तर्गत सरकार नानकसागर बांध के अन्दर की मिट्टी, बालू की सफाई कराने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>13.08.2012 | 8 क्या आपदा प्रबंधन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि जनपद पौड़ी के रिखणीखाल विकास खण्ड के अन्तर्गत मन्दाल नदी पर निर्मित कितने पुल/पुलिया तथा झूला पुल व उपजाऊ भूमि गत वर्षों में भीषण बाढ़ व भूस्खलन से क्षति ग्रस्त हुए हैं ? यदि हां, तो उक्त क्षतिग्रस्त झूलापुलों तथा पुलियो के पुनः निर्माण हेतु सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के परिणाम क्या है तथा कब तक दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त उक्त पुलों/झूलापुलों का पुनःनिर्माण करवाए जाने हेतु आपदा प्रबन्धन मद से धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>14.08.2012 | 9 क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंहनगर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र 69 नानकमत्ता में सरकार तहसील मुख्यालय बनाये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>14.08.2012 | 10 क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र 69 नानकमत्ता में सरकार मेडिकल कालेज बनाये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा शिक्षा** |
| श्री जीतराम<br>14.08.2012 | 11 क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के थराली विधान सभा क्षेत्र में कितने गांव हैं जो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से अभी तक नहीं जुड़े हैं ? सरकार कब तक शेष गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने पर विचार करेगी ? | **ग्राम्य विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जीतराम<br>14.08.2012 | 12 क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत थराली एवं नारायण नगर में पिंडर नदी के किनारे बसे बाजार (नगर) की सुरक्षा हेतु दीवार बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>16.08.2012 | 13 क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत 69 नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नानकमत्ता को नये विकासखण्ड बनाये जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? यदि हां, तो इस दिशा में क्या प्रयास किये गये हैं और कब तक नया विकासखण्ड बना दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>16.08.2012 | 14 क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के 69 नानकमत्ता विधन सभा क्षेत्र के अन्तर्गत निहाई नदी, देवहा नदी एवं कैलाश नदी में रेता, बजरी एवं बालू भर जाने से बरसात के दिनों में नदी का पानी निकट के गांवों में भर जाता है ? यदि हां, तो उक्त नदियों के रेता, बजरी एवं बालू की सफाई एवं पक्की नहर बनाने के लिए सरकार स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>22.08.2012 | 15 क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधायक निधि के अन्तर्गत रोजगार परक कार्यों जैसे डेरी मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन तथा महिला मंगल दल व युवक मंगल दल द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए संबंधित नियमों में आवश्यक प्रावधान किए जाने पर विचार करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>22.08.2012 | 16 क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में सस्ता, गल्ला विक्रेता मानदेय दिये जाने की मांग कर रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार समस्त सस्ता गल्ला विक्रेताओं को मानदेय दिये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>22.08.2012 | 17 क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कुमाऊ मण्डल में वर्ष 2010 से वर्तमान समय तक कितनी सड़कों की निविदायें आमंत्रित की गई थी एवं किन किन योजनाओं का अनुबन्ध कर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है ? क्या सरकार द्वारा विभागीय दरों से निम्नतर दरों पर भी किसी योजना में अनुबन्ध किया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>25.08.2012 | 18 क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का जनपदवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि रिक्त पदों पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की नियुक्ति किए जाने के संबंध में किए गए प्रयासों का विवरण क्या है तथा कब तक नियुक्ति की जायेगी ? | पंचायती राज |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत 25.08.2012 | 19 क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में स्थापित/संचालित सिंचाई खण्डों द्वारा वर्ष 2007 से वर्ष 2011–12 तक किए गये निर्माण कार्यों का खण्डवार मूल्य क्या है तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन/भत्ते पर व्यय की गई धनराशि का वर्षवार तथा खण्डवार विवरण क्या है ? | **सिंचाई** |
| श्री संजय गुप्ता 28.08.2012 | 20. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में बाण गंगा नदी का उदगम बिशनपुर कुण्डी में बंद कर दिया गया है ? यदि हां तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री यतीश्वरानन्द 28.08.2012 | 21. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पुरूषोत्तम एवं कमला नगर को प्रदेश के अन्य वन टोंगिया ग्रामों की भांति राजस्व ग्राम तथा भूमिधरी का अधिकार देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री यतीश्वरानन्द 28.08.2012 | 22. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत टिहरी विस्थापित भाग 2 में बरसात के दिनों में जल भराव हो जाता है जिस कारण कालोनी वासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो जल निकास के लिए सरकार कोई योजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री दिनेश घनै 30.08.2012 | 23. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत वर्तमान समय में सिंचाई विभाग द्वारा बेलदार के पदों पर नियुक्ति तथा नहरों का मरम्मतीकरण का कार्य किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री यतीश्वरानन्द 30.08.2012 | 24. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के कांगड़ी ग्राम पंचायत के मजरा चण्डीघाट पुल के नीचे स्थापित बस्ती में विगत माह आग लग जाने से लाखों रूपये का नुकसान हो गया था ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रभावितों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री यतीश्वरानन्द 03.09.2012 | 25. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम जमालपुर कलां में गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय तथा अन्य कई कालोनियों का बरसाती पानी इक्कठा होकर हरिजन बस्ती में घुसकर तबाही का कारण बन जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार बरसाती पानी को रोकने हेतु कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 05.09.2012 | 26. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई विभाग में भू कटान रोकने हेतु पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्वीकृत योजनाओं की निविदाओं पर सरकार द्वारा कोई विचार किया जा रहा है ? यदि हां, तो कब तक निविदायें आमंत्रित की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 05.09.2012 | 27. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि ग्राम्य विकास विभाग में लम्बे समय से पदोन्नति न होने के कारण अधिकारियों की बहुत कमी है ? यदि हां, तो उक्त विभाग में पदोन्नति कब तक कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री ललित फर्स्वाण 07.09.2012 | 28. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के जौलकांडे नामक स्थान पर स्थापित नर्सिंग कालेज में प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ हो चुका है ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण 11.09.2012 | 29. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत काश्तकारों को भूमि/वृक्षों का मुआवजा भुगतान पूर्ण रूप से कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो मुआवजे का भुगतान कब तक किया जायेगा ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री ललित फर्स्वाण 11.09.2012 | 30. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के कांडा (खन्तोली) में स्वीकृत ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षकों के कितने पद सृजित हैं तथ क्या प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ हो चुका है ? यदि हां, तो पदों की संख्या क्या है तथा प्रशिक्षण कार्य कब से आरम्भ किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा शिक्षा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 11.09.2012 | 31. **द्वितीय मंगल के अता0 08 में स्थाना0**<br>क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायतों को राज्य वित्त आयोग द्वारा वर्ष 2011–12 में विकास कार्यों हेतु मिलने वाला बजट अवमुक्त नहीं किया गया है ? यदि हां, तो बजट अवमुक्त न होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार विकास कार्यों की क्षतिपूर्ति करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 17.09.2012 | 32. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे जनपद पिथौरागढ़ के गैना में लिफ्ट सिंचाई योजना में फील्ड गूल न होने के कारण खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर फील्ड गूल का निर्माण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 17.09.2012 | 33. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट में सैनिक कल्याण कार्यालय किन कारणों से बन्द किया गया है ? क्या सरकार सैनिक कल्याण कार्यालय को पुनः संचालित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सैनिक कल्याण** |
| श्री दान सिंह भण्डारी 18.09.2012 | 34. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गतवर्ष दैवीय आपदा भूस्खलन से क्षतिग्रस्त गावों के समस्त परिवारों को विस्थापित किये जाने एवं उचित पात्रों को मुआवजे की धनराशि प्रदान किये जाने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो की गई कार्यवाही का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री भीमलाल आर्य<br>18.09.2012 | 35. | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बातने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) की नैलचामी, भिलंग ग्यारह गांव क्षेत्र में दिनांक 02/09/2012 की रात्रि को बादल फटने, एवं माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर में अन्य क्षेत्रों, हिन्दाव, कोठी फैगूल, आरगढ़ गोनगढ़, केमर, बासर थाती कठूड़ आदि क्षेत्रों में आई आपदा से समूचा जनमानस प्रभावित हुआ है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि जिसमे कई मोटर मार्ग, सम्पर्क मार्ग, आवासीय भवन, विद्युत लाईनें, कृषि भूमि, पेयजल लाईनें, सिंचाई नहरें, लघु सिंचाई गूल, विद्यालय भवन, सरकारी भवन, क्षतिग्रस्त हो गये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा हुई क्षति का उचित आकलन कर विशेष आर्थिक पैकेज दिये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>18.09.2012 | 36. | क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि लक्ष्मणझूला जिला पौड़ी गढ़वाल में यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु गंगा किनारे गंगा स्नान हेतु सभी घाट बनाये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्या सरकार अविलम्ब घाटों का निर्माण करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.09.2012 | 37. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 05 सितम्बर, 1942 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत को चिर–स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अल्मोड़ा द्वारा पत्र संख्या 9368/नौ–आर0ए0/2011–12 द्वारा दिनांक 07.07.2012 क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की राय का वर्णन करते हुए अपनी आख्यानुसार सल्ट तहसील का नाम "खुमाड़ सल्ट" किये जाने हेतु प्रस्तावित किया है ? यदि हां, तो क्या सरकार शहादत देने वाले वीर सपूतों का सम्मान करते हुए शीघ्र सल्ट तहसील का नाम 'खुमाड़ सल्ट' करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>19.09.2012 | 38. | क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल झील के मध्य प्राकृतिक टापू में एक्यूरियम बनाया गया है, जो पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि पर्यटन सीजनों में इसका पानी ब्रिटिश कालीन आदेशें के तहत वर्तमान में भी हल्द्वानी के लिए छोड़ा जाता रहा है, जो छीजन के कारण एक तिहाई भी हल्द्वानी तक नहीं पहुंच पाता है जिससे झील डेल्टा के रूप में उभर जाती है तथा भीमताल के पर्यटन को खतरा उत्पन्न हो गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा पर्यटन सीजन में तालाब को डेल्टा में परिवर्तित होन के लिए हल्द्वानी क्षेत्र में ट्यूब वैल आदि की स्थापना और झील की सफाई की कोई ठोस योजना तैयार की गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दान सिंह भण्डारी 21.09.2012 | 39. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल में उद्यान विभाग की 05 एकड़ से अधिक भूमि है ? यदि हां, तो क्या सरकार नैनीताल जनपद के धारी, रामगढ़, आखेलकाण्डा एवं भीमताल विकास खण्डों के काश्तकारों हेतु उन्हे अपनी उपज की सीधे विक्रय की सुविधा हेतु भीमताल स्थित उद्यान विभाग की भूमि पर मिनी मण्डी का निर्माण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कृषि** |
| श्री दान सिंह भण्डारी 21.09.2012 | 40. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के औद्योगिक संस्थानों की स्थापना में जो मुआवजा किसानों को दिया गया था वह काफी नहीं है तथा क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि यू0पी0 में भूमि अधिग्रहण कानून के तहत लगाये गये उद्योगों में किसानों का भी अंश होता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में भूमि अधिग्रहण कानून में किसानों के हित में सरकार द्वारा कोई व्यवस्था की गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 24.09.2012 | 41. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में मनरेगा योजना के अन्तर्गत सभी पात्र लोगों को सौ दिनों का रोजगार उपलब्ध हो रहा है ? यदि हां, तो जनपद अल्मोड़ा में विकास खण्ड वार कौन–कौन से कार्यों हेतु कितने कितने धन आवंटन के प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुये हैं ? क्या सरकार तत् संबंधित विकास खण्ड वार पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगी ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रस्तावों के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष में विकास खण्ड वार कितना कितना धन आवंटित किया गया है ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री मदन कौशिक 27.09.2012 | 42. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के अन्तर्गत वर्तमान में असिंचित क्षेत्रफल को सिंचाई सुविधा सुलभ कराने हेतु सरकार द्वारा कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री मदन कौशिक 28.09.2012 | 43. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में राज्य में कितने ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक मैडिकल कालेज सरकारी एवं निजी क्षेत्र में संचालित है तथा वर्तमान तक कितने नये मेडिकल कालेज प्रस्तावित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार द्वारा इस संबंध में कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हां तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा शिक्षा** |
| श्री तीरथ सिंह रावत 01.10.2012 | 44. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत के अन्तर्गत ग्राम भैसोड़ा, पट्टी सावली, में वर्ष 2005 में भीषण वर्षा एवं बादल फटने के कारण भूस्खलन से ग्रम भैसोड़ा के आबादी क्षेत्र, खेत, खलियान, धंसने से काफी क्षति हुई थी ? यदि हां, तो क्या उपरोक्त ग्राम के विस्थापन के लिए सरकार ने कोई उचित स्थान का चयन किया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>01.10.2012 | 45. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के मूल निवासियों के अतिरिक्त बाहर रह रहे व्यक्तियों को प्रदेश में निवास करने हेतु कुल कितनी भूमि (बिना अनुमति) के खरीदने का अधिकार प्राप्त है ? क्या सरकार इसमें कोई परिवर्तन करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>03.10.2012 | 46. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल को सूखा क्षेत्र घोषित होने के फलस्वरूप सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है तथा प्रभावितों को सूखा राहत हेतु सहायता राशि कब तक मिल पायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>03.10.2012 | 47. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत चम्बा एवं मसूरी में फलपट्टी धारकों को क्या भूमिधरी अधिकार दिये जाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>03.10.2012 | 48. **द्वितीय बुधवार के अता0 09 में स्थाना0**<br>क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत दैवीय आपदा जोन कपकोट में बाढ़ सुरक्षा कार्यक्रम हेतु मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 616/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को धन आवंटन किये जाने हेतु घोषणा की है ? यदि हां, तो कितना धन आवंटित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>04.10.2012 | 49. क्या सिंचाई बाढ़ नियंत्रण मंत्री विधान सभा के द्वितीय सत्र 2012 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या 15 के उत्तर के क्रम में बताने का कष्ट करेंगे कि योजना का कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>05.10.2012 | 50. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के दुग एवं नाकुरी पट्टी को तहसील बनाये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 608/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को घोषणा की गई है ? यदि हां, तो क्या अधिसूचना जारी हो गई है ? यदि नहीं, तो कब तक अधिसूचना जारी की जायेगी ? | राजस्व |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>05.10.2012 | 51. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के ऋषिकेश स्थित 'सिंचाई अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड' व 'मनेरी भाली कालोनी' कालोनियों के भवन जर्जर अवस्था में है ? यदि हां, तो क्या सरकार इनके रख रखाव एवं मरम्मत शीघ्र कराने की कोई योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री मदन कौशिक<br>05.10.2012 | 52. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अन्तर्गत प्रदेश में कितनी जांचे चल रही हैं व जांच के क्या परिणाम हैं तथा सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई ? क्या सरकार द्वारा उपरोक्त के संबंध में कोई नीति बनाई गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दान सिंह भण्डारी 05.10.2012 | 53. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल स्थित नौकुचियाताल के चारों ओर मार्ग का निर्माण कराये जाने हेतु सिंचाई विभाग नैनीताल द्वारा 84 करोड़ का प्रस्ताव शासन का भेजा गया ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु धनराशि स्वीकृत कर दी गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री चन्दन राम दास 09.10.2012 | 54. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दैवीय आपदा मद में इस वित्तीय वर्ष में केन्द्र सरकार से कितनी धनराशि प्रदेश में उपलब्ध हुई है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंग कि उक्त धनराशि तथा प्रदेश स्तर से जनपद वार कितनी धनराशि आवंटन हुई है तथा बागेश्वर जनपद में अधिक नुकसान के आकलन के बाद भी कम धनराशि आवंटन करने का क्या कारण है ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री मनोज तिवारी 09.10.2012 | 55. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 05 मई, 2012 को अल्मोड़ा जनपद के विधान सभ क्षेत्र अल्मोड़ा के अन्तर्गत कौसी बैराज के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति देने के साथ ही यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये जाने की घोषणा की गयी थी ? यदि हां, तो अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? | **सिंचाई** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 09.10.2012 | 56. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश ग्राम सभा के बापूग्राम को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग वर्षों से की जा रही है ? यदि हां, तो सरकार कब तक बापूग्राम को राजस्व ग्राम घोषित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 11.10.2012 | 57. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ऋषिकेश में स्थित त्रिवेणी घाट पर दूर बह रही गंगा की जल धारा को श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु तट पर लाने की कोई योजना बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 12.10.2012 | 58. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध बनने से अनेकों गावों के लोग वहां से विस्थापित होकर पशुलोक व अन्य स्थानों में वर्षों से रह रहे हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त गावों को यहां आने के बाद राजस्व ग्राम का दर्जा दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 17.10.2012 | 59. **द्वितीय गुरूवार के अता0 10 में स्थाना0**<br><br>क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि पशु प्रेमी एवं पदम विभूषण मीरा बेन की पशु लोक, ऋषिकेश स्थित कुटिया को स्मारक के रूप में विकसित करने की पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी ? यदि हां, तो क्या सरकार इसको स्मारक के रूप में विकसित करने की घोषणा को अमल में लायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरीश धामी<br>18.10.2012 | 60. क्या आपदा प्रबंधन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि धारचूला विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2005 से 2012 तक आये दैवीय आपदा प्रभावित परिवारों को पुनर्वास हेतु कोई सहायता दी गई है ? यदि हां, तो कितने परिवार इससे लाभान्वित हुए हैं ? यदि नहीं, तो कब तक राहत राशि दी जायेगी ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कोई पुनर्वास नीति बनी है ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री हरीश धामी<br>19.10.2012 | 61. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र धारचूला में 23 सड़कें पिछले 10 वर्षों से स्वीकृत हैं ? क्या यह सत्य है कि उनका अभी तक सर्वे नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो कब तक इनका सर्वे हो पायेगा तथा कब से निर्माण कार्य शुरू होगा ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.10.2012 | 62. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के आधीन कितनी उप तहसीलें गठित हैं ? क्या राज्य सरकार उप तहसीलों के उच्चीकरण पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री चन्दन राम दास<br>11.10.2012 | 63. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार विधायक निधि घटाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कितनी ? यदि नहीं, तो क्या सरकार विधायक निधि बढाये जाने पर भी विचार करेगी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्ष 2012–13 में शासन द्वारा कितनी विधायक निधि की धनराशि आवंटित की है ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>19.10.2012 | 64. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत डोईवाला में उप तहसील बनाये जाने की मांग वर्षों से की जा रही है ? यदि हां, तो सरकार ने इस निमित्त क्या कार्यवाही की है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>22.10.2012 | 65. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली की कर्णप्रयाग तहसील के अन्तर्गत सिमली सिंचाई नहर में पानी सुचारू रूप से चल रहा है तथा इस नहर से कुल कितनी भूमि सिंचित हो रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2010–11 तथा 2011–12 में जिला योजना तथा राज्य योजना के तहत इस नहर की मरम्मत पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गयी ? क्या शासन के पास इस नहर के पुर्ननिर्माण/मरम्मत का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु विचाराधीन है ? यदि हां, तो क्या राज्य सरकार इस पर त्वरित कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिचांई** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>30.10.2012 | 66. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन सड़कों का अभी तक भूमि मुआवजा नहीं मिल पाया है ? यदि हां, तो क्या इन काश्तकारों की भूमि मुआवजा राशि विभाग द्वारा आवंटित हो चुकी है ? यदि हां, तो काश्तकारों को भूमि मुआवजा कब तक दिया जायेगा ? | **ग्राम्य विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>31.10.2012 | 67. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि देहरादून नगर में गंगोत्रीविहार (चीड़ोंवाली) सहस्त्रधारा रोड में सरकारी भूमि पर अनधिकृत रूप में भूखण्डों का विक्रय किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी राजस्व विभाग के किसी उच्च अधिकारी से इसकी जांच कराकर वस्तुस्थिति सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री मालचंद<br>31.10.2012 | 68. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत गंगा प्राधिकरण के अनुरूप यमुना प्राधिकरण बनाये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>02.11.2012 | 69. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत लघु सिंचाई की कितनी नहरें निर्मित हैं, व उनका विवरण क्या है ? क्या सभी नहरों में सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध है ? यदि हां, तो वर्ष 2002 से वर्तमान तक जनपद में लघु सिंचाई में कितना व्यय हुआ है तथा वर्ष वार विवरण क्या है ? | **लघु सिंचाई** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>02.11.2012 | 70. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि शशि इण्डिया ग्लास फैक्ट्री लाठरदेवा हुण झबरेड़ा द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इस संबंध में कोई जांच कर कम्पनी के विरूद्ध पेनाल्टी निर्धारित की गयी है और क्या अब तक अवैध कब्जा हटा दिया गया है ? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री नारायण राम आर्य<br>06.11.2012 | 71. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड गंगोलीहाट एवं बेरीनाग में नरेगा की धनराशि किसी एन0जी0ओ0 को प्रदान की गयी थी ? यदि हां, तो दोषी एन0जी0ओ0 को बचाने का प्रयास किया जा रहा है ? जांच में दोषी को दण्ड देने हेतु क्या कार्यवाही अमल में लाने का प्रस्ताव है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री गणेश जोशी<br>06.11.2012 | 72. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिरला के चार ग्राम एवं ग्राम पंचायत सिल्ला, चलचला, बुरासखण्डा, बड़, घुमपाल को पृथक राजस्व ग्राम घोषित किये जाने संबंधित प्रस्ताव शासन स्तरपर लम्बित है ? यदि हां, तो क्या सरकार सिल्ला, चलचला, बुरासखण्डा, बड़, घुमपाल को पृथक राजस्व ग्राम घोषित किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |

उत्तराखण्ड विधान सभा

# नत्थी "घ"

| क्र0स0 | नाम–निर्देशित अभ्यर्थी का नाम | प्रस्तावक सदस्य का नाम | समर्थक सदस्य का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी | श्री सुबोध उनियाल | श्री सुन्दरलाल मन्द्रवाल |
| 2 | डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी | श्री ललित फर्स्वाण | श्री हेमेश खर्कवाल |
| 3 | डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी | डा0 जीत राम | श्री गणेश गोदियाल |
| 4 | डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी | श्री नारायण राम आर्य | श्री मयूख महर |

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी ''ङ''

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 04 दिसम्बर, 2012 की बैठक में दिनांक 05 से दिनांक 10 दिसम्बर, 2012 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से रखे जाने की सिफारिश की है:–**

**दिसम्बर, 2012**

| | |
|---|---|
| 05 बुधवार | (1) औपचारिक कार्य। |
| | (2) उपाध्यक्ष का निर्वाचन। |
| | (3) अध्यादेशों का सदन के पटल पर रखा जाना। |
| | (4) वित्तीय वर्ष 2012–2013 के अनुपूरक अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण (04:00 बजे अपराह्न)। |
| 06 गुरूवार | बैठक नहीं होगी। |
| 07 शुक्रवार | (1) विधायी कार्य (आधा दिवस)। |
| | (2) असरकारी कार्य। |
| 08 शनिवार | अवकाश |
| 09 रविवार | अवकाश |
| 10 सोमवार | (1) विधायी कार्य। |
| | (2) वित्तीय वर्ष 2012–2013 के अनुपूरक अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मतदान। |